दिनांक–05.11.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision of Transformer (2x630 KVA Compact Substation) along with addition of campus light in the campus of Darbhanga College of Engineering, Darbhanga कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड पर निर्णय लेने हेतु आहुत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः–

1. श्री रमेन्द्र कुमार– मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. श्री रमेन्द्र कुमार– विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना।
3. श्री प्रसून कुमार– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, दरभंगा।

कार्यवाही :–

1. कार्य का नामः–	Provision of Transformer (2x630 KVA Compact Substation) along with addition of campus light in the campus of Darbhanga College of Engineering, Darbhanga.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि–	3,41,06,620/– विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का पत्रांक–4486, दिनांक–07.08.2026)
3. तकनीकी स्वीकृति की राशि–	3,41,06,620/–
4. परिमाण–विपत्र की राशि–	3,38,87,184/–
5. ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–	16/2026–27(विद्युत भवन प्रमंडल, दरभंगा)
6. समाचार पत्रों में प्रकाशन का प्रसंग–	दैनिक जागरण, दिनांक–14.08.2026
7. प्रकाशन का पी0 आर0 नं0–	009812(BCD) 2026-27/011685(BCD) 2026-27
8. ई–निविदा आमंत्रण होने की तिथि–	08.08.2026
9. प्री–बीड बैठक की तिथि–	दिनांक–21.09.2026 को विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना। दिनांक–22.09.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–02 का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
10. ई–निविदा(तकनीकी बीड) खोलने की तिथि–	01.10.2026

11. ई–निविदा में भाग लेने वाले तीन निविदाताओं का नाम एवं पता :–

(क) मेसर्स भगत इंजीनियरिंग वर्कस, मुंगेर।

(ख) मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकलस, पटना।

(ग) मेसर्स शिवम इलेक्ट्रीकलस, पटना।

12. दिनांक–05.11.2026 को आहुत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही :–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना के पत्रांक–1471, दिनांक–16.10.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का तकनीकी बीड अभिलेखों को समर्पित किया गया है। इस संदर्भ में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के सभी सदस्यों द्वारा निविदादाताओं के अभिलेखों के जाँचोपरान्त निम्नलिखित तथ्य पाए गए :–

(क) प्रथम निविदादाता मेसर्स भगत इंजीनियरिंग वर्कस, मुंगेर है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका–4.5(B)(a) के अनुसार इलेक्ट्रीकल से संबंधित Key & Critical Equipment तथा एस0बी0डी0 का Clause संख्या–38 एवं निविदा शर्त्त/नियम क्रम सं0–10(d) के अनुसार No Relation से संबंधित शपथ पत्र अपलोड नहीं किया गया है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''नॉन–रिस्पौंसिव'' पाया गया।

(ख) द्वितीय निविदादाता मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकलस, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा तथा एस0बी0डी0 के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''रिस्पौंसिव'' पाया गया।

(ग) तृतीय निविदादाता मेसर्स शिवम इलेक्ट्रीकलस, पटना है। इनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेखों के जाँचोपरान्त पाया गया कि ई–निविदा तथा एस0बी0डी0 के सभी शर्त्तों/नियमों का अनुपालन किया जा रहा है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में ''रिस्पौंसिव'' पाया गया।

13. दिनांक–05.11.2026 को आहुत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक का निर्णय :–

सम्यक विचारोपरान्त समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड में दो निविदादाताओं यथा–मेसर्स प्रकाश इलेक्ट्रीकलस, पटना एवं मेसर्स शिवम इलेक्ट्रीकलस, पटना को सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। जबकि एक निविदादाता मेसर्स भगत इंजीनियरिंग वर्कस, मुंगेर को असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखी जाए एवं दिनांक–12.11.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी प्रकार की आपत्ति/शिकायत प्राप्त होती है, तो पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। उक्त निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलने हेतु अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

11/Cub	05.11.2026	05.11.26
विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल, दरभंगा, भवन निर्माण विभाग।	विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना।	मुख्य विद्युत अभियंता–02, भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक :–प्र022/भ0 विद्युत–प्राक्क0–303/24– 614 दिनांक:– 5/11/26

प्रतिलिपि:–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05.11.2026

मुख्य विद्युत अभियंता–02,
भवन निर्माण विभाग, पटना।